# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

**दैनिक भास्कर**

**28.11.2020**

# किसान जागरूकता पर वेबिनार का आयोजन

भास्कर समाचार सेवा

- **रबी फसलों व कीटनाशकों के संबंध में दी जानकारी**
- **रिमोट सेंसिंग के प्रयोग के बारे में बताया**

**रुड़की।** जल संसाधन एवं प्रबंधन विभाग में संचालित ग्रामीण कृषि-मौसम सेवा परियोजना तथा क्षेत्रीय समन्वय संस्थान, उन्नत भारत अभियान, आईआईटी रुड़की के संयुक्त तत्त्वाधान में 'रबी फसलों के प्रबंधन में कृषि-मौसम सेवाओं की भूमिका' विषय पर किसान जागरूकता वेबिनार का आयोजन किया गया।

पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कीट वैज्ञानिक प्रो. एके पाण्डेय द्वारा किसानों को विभिन्न रबी फसलों में मौसम अनुकूल कीटों के प्रकोप तथा उनके प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जाड़े के महीने में कई कीट ऐसे हैं, जिनकी सक्रियता ठंड के कारण काफी धीमी पड़ जाती है। ऐसे में किसानों को कीट विशेषज्ञ से परामर्श किये बिना अनावश्यक रूप से कीटनाशकों के छिड़काव से बचना चाहिए। वेबिनार के मुख्य अतिथि भारत मौसम विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि मौसम विभाग रिमोट सेंसिंग के प्रयोग द्वारा मृदा में नमी की मात्रा तथा एनडीवीआई तकनीक का उपयोग करके एग्रोमेट एडवाइजरी बुलेटिंस की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। ग्रामीण कृषि-मौसम सेवा परियोजना के नोडल अधिकारी तथा उन्नत भारत अभियान के क्षेत्रीय समन्वयक प्रो. आशीष पांडेय ने कृषि-मौसम प्रक्षेत्र इकाई रुड़की द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न कृषि- मौसम परामर्श सेवाओं के बारे में स्लाइड प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक अवगत कराया।

वेबिनार के अंत में धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण कृषि-मौसम सेवा परियोजना के तकनीकी अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने प्रस्तुत किया। वेबिनार में किसानों, विभिन्न कृषि-मौसम प्रक्षेत्र इकाइयों के तकनीकी अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन विभाग से प्रो. आरडी सिंह, प्रो. काशी विश्वनाथन सहित उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के समन्वयकों, सरपंच तथा प्रधानों ने प्रतिभाग किया।